राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यत: अखिल भारतीय तथा विशेषत: राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषानिबद्ध
विविध वाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट ग्रन्थावलि

प्रधान सम्पादक

पद्मश्री जिनविजय मुनि, पुरातत्त्वाचार्य

[ऑनरेरि मेम्बर ऑफ जर्मन ओरिएन्टल सोसाइटी, जर्मनी]

सम्मान्य सदस्य

भाण्डारकर प्राच्यविद्या संशोधन मन्दिर, पूना; गुजरात साहित्य-सभा, अहमदाबाद;
विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध-संस्थान, होशियारपुर; निवृत्त सम्मान्य नियामक–
(आनरेरि डायरेक्टर), भारतीय विद्याभवन, बम्बई ।

ग्रन्थाङ्क ५५

स्वर्गीय पुरोहित हरिनारायणजी, बी. ए. –

विद्याभूषण-ग्रन्थ-संग्रह-सूची

प्रकाशक

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

स्वर्गीय पुरोहित हरिनारायणजी, बी.ए. -

विद्याभूषण - ग्रन्थ - संग्रह - सूची

सम्पादक

श्री गोपालनारायण बहुरा, एम. ए.

और

श्री लक्ष्मीनारायण गोस्वामी दीक्षित

प्रकाशनकर्त्ता

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०१८ | भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८८३ | ख्रिस्ताब्द १९६१

प्रथमावृत्ति ५०० | मूल्य ६.२५

मुद्रक—हरिप्रसाद पारीक, साधना प्रेस, जोधपुर.

RAJASTHAN PURATANA GRANTHAMALA

PUBLISHED BY THE GOVERNMENT OF RAJASTHAN

A series devoted to the Publication of Sanskrit, Prakrit, Apabhramsa, Old Rajasthani-Gujarati and Old Hindi works pertaining to India in general and Rajasthan in particular.

*

GENERAL EDITOR

PADMASHREE JINA VIJAYA MUNI, PURATATTVACHARYA

Honorary Member of the German Oriental Society, Germany; Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona; Vishveshvrananda Vaidic Research Institute, Hosiyarpur, Punjab; Gujrat Sahitya Sabha, Ahemdabad; Retired Honorary Director, Bharatiya Vidya Bhawan, Bombay; General Editor, Gujrat Puratattva Mandira Granthavali; Bharatiya Vidya Series; Sinhghi Jain Series etc. etc.

* *

NO. 55

A CATALOGUE OF

LATE PUROHIT HARINARAYAN, B. A. –

VIDYABHOOSHAN MANUSCRIPTS COLLECTION

* * *

Published

Under the Orders of the Government of Rajasthan

By

The Director, Rajasthan Prachya Vidya Pratisthana

(Rajasthan Oriental Research Institute)

JODHPUR (RAJASTHAN)

V.S. 2018]

[*1961 A D.*

A CATALOGUE OF

LATE PUROHIT HARINARAYAN, B.A. –

VIDYABHOOSHAN MANUSCRIPTS COLLECTION

*

Edited By

Shri Gopal Narayan Bahura, M. A.

&

Shri Lakshmi Narayan Goswami Dikshit

*

Published under the orders of the Government of Rajasthan

By

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE

JODHPUR (Rajasthan)

V.S. 2018]   [1961 A.D.

विषय तालिका

विषय	पृष्ठ संख्या

सञ्चालकीय वक्तव्य

जयपुरनिवासी, विश्रुतकीर्ति, शोधविद्वान् स्वर्गीय पुरोहित श्रीहरि-नारायणजी विद्याभूषण द्वारा संगृहीत 'विद्याभूषण ग्रन्थ-संग्रह'की सूचीको इस विभागके द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है। श्रीविद्याभूषणजीने अपने जीवनकालमें अदम्य उत्साह एवं संलग्नतासे अमूल्य ग्रन्थरत्नोंका संग्रह किया था जो पुरातत्त्वजिज्ञासुओंके लिए उपादेय है। इस संग्रहको श्रीविद्याभूषणजीके दिवंगत होने पर उनकी अक्षय कीर्तिकामना रखते हुए श्रीयुत् रामगोपालजी पुरोहित, बी. ए., एल-एल. बी. (श्रीविद्या-भूषणजीके आत्मज)ने किसी ऐसी संस्थाको देना संकल्पित किया, जहां निरन्तर इसका उपयोग भावी शोधकारों द्वारा किया जा सके। इसी उद्देश्यसे प्रेरित वह एक दिन हमारे कार्यालय (पुरातत्त्व-मन्दिर, जयपुर)में उपस्थित हुए। यहांकी प्राचीन ग्रन्थोंकी सुरक्षा, सम्पादन एवं प्रकाशन सम्बन्धिनी व्यवस्थासे प्रभावित हो कर उन्होंने अनुभव किया कि विद्याभूषण-ग्रन्थ-संग्रहका सही उपयोग इसी प्रतिष्ठान द्वारा भली प्रकार किया जा सकेगा। इसके तुरन्त बाद ही 'शुभस्य-शीघ्रम्'को चरितार्थ करते हुए उन्होंने उक्त संग्रह इस कार्यालयमें भिजवा दिया और दिनांक २१-२-१९५७को एक पत्र मुझे लिख कर सूचित किया कि "मेरे स्वर्गीय पितृचरणका कार्यक्षेत्र जयपुर ही रहा है और सौभाग्यसे अब यहीं पर पुरातत्त्व मन्दिर जैसी शोधसंस्था कार्य कर रही है अतएव मेरी उत्कट अभिलाषा है कि आप उनके विद्या-भूषण ग्रन्थ-संग्रहको एक उप संग्रहके समान अपने ही विभागमें सुरक्षित रख लें ताकि स्वर्गीय विद्याभूषणजीका यशःशरीर शोधविद्वानोंके अधिकाधिक काम आ सके।

इस सम्बन्धमें राजस्थान सरकारको विधिवत् स्वीकृतिके लिए लिखा गया और आदेश सं. डी. १००६७, एफ. ९ (२) एज्यू. बी. ५१ दिनांक १९ जुलाई १९६० द्वारा सरकारने उक्त संग्रहको इस विभागके अधिकारमें लेना स्वीकृत कर लिया। यह भी निश्चय किया गया कि

प्रस्तुत विद्याभूषण-ग्रन्थ-संग्रह जयपुरमें ही प्रतिष्ठानके शाखा कार्यालयमें सुरक्षित रखा जायगा एवं भविष्यमें इस प्रकार भेंटस्वरूप प्राप्त होने वाले अन्य उपादेय संग्रहोंको भी सधन्यवाद स्वीकार किया जायेगा।

इस प्रकार उक्त संग्रह प्रतिष्ठानके अधिकारमें ले लिया गया।

स्वर्गीय पुरोहितजीने विद्याभूषणग्रन्थसंग्रहके नामसे प्रस्तुत संग्रहकी प्रायः दो सहस्रनामांकित सूची तैयारकी थी, जिसे हमने उसी रूपमें प्रकाशित किया है। आवश्यक स्थानों पर टिप्पणी एवं परिशिष्टमें कृति और कर्तृ नामानुक्रमणिका तथा स्वर्गीय विद्याभूषणजीका संक्षिप्त जीवनवृत्त दे कर सम्पादकोंने इसे अधिक उपादेय बना दिया है। स्वर्गीय विद्याभूषणजीने प्रस्तुत संग्रहके अनेक ग्रन्थोंमें यथास्थान स्वहस्ताक्षरोंसे आवश्यक फुट नोट लिखे हैं, जिससे वे प्रकरण अधिक प्राञ्जल हो उठे हैं।

प्रस्तुत सूचीके प्रकाशन-व्यय का अर्द्धांश भारत सरकारके वैज्ञानिक और सांस्कृतिक मन्त्रालय द्वारा आधुनिक भारतीय भाषा-विकास योजनाके अन्तर्गत प्रदान किया गया है, एतदर्थ प्रतिष्ठानकी ओरसे हम आभार प्रदर्शित करते हैं।

इस प्रकार स्वर्गीय विद्याभूषणजीके ग्रन्थसंग्रहकी यह सूची सम्पादित की जा कर पाठकोंके समक्ष उपस्थित की जा रही है। आशा है यह सूची विषयके ज्ञाता और अध्येताओंके लिये बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

मुनि जिनविजय
सम्मान्य सञ्चालक,
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

होली पर्व, सं० २०१७
अनेकान्त विहार, अहमदाबाद

स्वर्गीय पुरोहित श्री हरिनारायणजी विद्याभूषण

जन्म–माघ कृ० ४, १६२१ वि०] [निधन–मोक्षदा (मार्गशीर्ष शु०) एकादशी, २००२ वि०

* श्रीः *

स्वर्गीय विद्याभूषण पुरोहित श्रीहरिनारायणजीका संक्षिप्त जीवन-वृत्त[1]

शुभ मिति माघ कृष्णा चतुर्थी, रविवार, विक्रम संवत् १९२१के पवित्र प्रभातमें उषाकी लावण्यप्रभाके अञ्चलसे जयपुरके राज्यप्रतिष्ठित पारीककुल-पूषण विद्याभूषण श्रीहरिनारायणजी पुरोहितका अवतरण हुआ। राजस्थानके साहित्याकाशमें यह सूर्य निरन्तर एकाशीतिवर्षपर्यन्त प्रभा विकीर्ण कर साहित्य-साधनाके सतरंगी शक्रचाप बनाता रहा। स्वर्गीय विद्याभूषणजीके जन्म, जीवन और मृत्यु तीनों ही अपनी उज्ज्वल भूमिकामें अप्रतिम रहे। उनकी ज्ञानप्रभाने इतिहास और सन्त-साहित्यकी भ्रांतिनिशाके गहन आवरणोंको चीर कर प्रामाणिकताका अक्षय आलोक प्रदान किया। वे व्यक्ति, जिन्हें उनको देखनेका सौभाग्यलाभ हुआ है, सदैव उन्हें स्मरण करते रहेंगे और वे भी, जो उनकी अक्षरसम्बद्धकीर्तिके अवगाहक हैं, उनके पार्थिव अभावकी कचोट नहीं मिटा पाएंगे।

स्वर्गीय विद्याभूषणजीके शिक्षाकालमें अंग्रेजीविशेषज्ञ अंगुलिपरिमेय ही थे और उनमें भी इनका नाम सम्मानके साथ लिया जाता था। एफ० ए० और बी० ए० परीक्षाओंमें उन्होंने सर्वाधिक योग्यताके परिणामस्वरूप "लार्ड नार्थ ब्रुक" पदक एवं कालेजके सर्वोत्तम चरित्रवान् तथा मेधावी छात्र होनेके फल-स्वरूप "लार्ड लेंस डाउन" पदक प्राप्त किये। शिक्षा-समाप्तिके पश्चात् वि० संवत् १९४८से जयपुरराज्यकी सेवा अंगीकार कर उन्होंने निरन्तर चालीस वर्ष पर्यन्त विभिन्न प्रशासनिक उच्च पदों पर कार्य किया। इस अन्तरमें वह नाजिम, सी. आई. डी. इंस्पेक्टर, मोहतमिम जनानी ड्योढ़ी एवं चैरिटी सुपरिंटेंडेंटके पदों पर कुशलतापूर्वक प्रतिष्ठित रहे। राजकीय कार्यरत रहते हुए उन्हें शेखा-वाटी और तोरावाटीमें (तत्कालीन जयपुरराज्यके अधीनस्थ सीकर एवम् खंडेला प्रभृति ठिकानोंके प्रदेश) रहनेका अवसर प्राप्त हुआ जहां उन्होंने अनेक गो-शालाओं और पाठशालाओंकी स्थापना की।

---

१. जयपुरसे प्रकाशित दिसम्बर, जनवरी सन् १९४५, ४६के 'पारीक' मासिक पत्रके 'विद्या-भूषण विशेषांक' एवं स्वर्गीय विद्याभूषणजीके आत्मज श्रीयुत रामगोपालजी पुरोहित, बी. ए., एल-एल.बी.के मौखिक वक्तव्योंके आधार पर लिखित।—(सं.)

शिक्षाकी ओर उनका अगाध अनुराग था। स्वयं तो वह वाणी-मन्दिरकी देहली पर यावज्जीवन साधनाके प्रसून समर्पित करते ही रहे, औरोंको भी इसके लिए प्रेरणा और उत्साह प्रदान करते रहना उनका सहज स्वभाव था। पारीक हाईस्कूल (वर्तमान कालेज) को एक साथ सात सहस्र रुपयोंका दान देकर उसकी आधार-शिलाको सुदृढ़ बनानेमें विद्याभूषणजीका सहयोग अग्रणी रहा है।

साहित्यसेवाकी ओर उनका प्रवल आकर्षण छात्रावस्थासे ही था जो स्नातकोत्तर अवस्थामें पहुँच कर इतना उत्कट हो उठा कि उनके सम्पर्की जन साहित्य और विद्याभूषणजीमें तादात्म्यदर्शन करने लगे थे। इस प्रकारके साहित्याकर्षणके मूल स्रोतका परिचय देते हुए स्वयं विद्याभूषणजीने सुन्दरग्रन्थावलीकी सम्पादकीय भूमिकामें व्यक्त किया है कि "हमारे स्वर्गीय पूज्य पिताजी, जो भाषासाहित्यके प्रेमी और मर्मज्ञ थे और जिनकी धर्म और ज्ञानमें बड़ी श्रद्धा थी, सुन्दरविलास, सुन्दरदासकृत सवैया संवत् १९३३का लीथो प्रेस का छपा बडे आनन्दसे पढ़ा करते। स्वामी गोपालदासजी भी, जो हमारे पिताजी के सत्संगी थे, हमको सुन्दरस्वामीकी रचनाओं में से यथा 'मूंसा इत उत फिरै ताक रही मिनकी। चंचल चपल माया भई किन की।' 'राम हरि राम हरि बोल सूवा' इत्यादि बड़े प्रेम, रस और स्वरसे पढ़ कर सुनाते। तव जो भाव हमारे चित्तका होता, वह अकथनीय है। फिर तो हम उक्त ग्रन्थको वड़ी तल्लीनतासे पढ़ने लग गये। हमें ऐसा जान पड़ता मानो हम आनन्दके सरोवरमें गोता लगा रहे हैं। निदान, हमारी रुचि और भक्ति सुन्दरस्वामीके वचनामृतमें तवसे ही हो गई थी।" (सुन्दरग्रन्थावली, भूमिका, पृष्ठ ३)

स्पष्ट है कि विद्याभूषणजीकी साहित्यप्रविष्टिका सिंहद्वार उनका सुन्दरदासजीकी रचनाओंके प्रति प्रवल आकर्षण ही था। यह आकर्षण वढ़ता ही गया और सुन्दरदासजीके साथ-साथ सम्पूर्ण सन्तसाहित्यके वहुमूल्य रत्नों पर उनकी दृष्टि स्थिर हो गई। अधिकसे अधिक समय सन्तसाहित्यमें लगने लगा। जिस प्रकार निर्मल दर्पणमें प्रतिविम्व संक्रान्त होता है, उसी प्रकार विद्याभूषणजीकी आत्मा पर सन्तवाणीका दर्शन आलोड़ित हो उठा। इस आत्मयोगकी स्थितिने स्वयं उस शोधकर्ताको भी सन्तके प्रातिस्विक रूपमें तदाकार बना दिया। उन्हें धुन हुई कि यह साहित्य, जो दीमकों, उपेक्षाओं, अज्ञता और ढूमलोंमें अदृश्य होता जा रहा है, रक्षित होना ही चाहिए। वस्तुतः राजस्थानकी भूमि पर हस्तलिखित अज्ञात-ज्ञात ग्रन्थोंके प्रथम उद्धारकके रूपमें विद्याभूषणजीने जो प्रवल प्रयत्न आरंभ किया उससे वहुत सा जीर्णशीर्ण साहित्य कालकवलित होते-होते वच गया।

उस समय तक नागरीप्रचारिणी सभा, काशी, अखिल भारतीय स्तर पर कार्य करनेका उपक्रम कर रही थी किन्तु व्यापक क्षमता और साधनोंकी वहु-

लताके अभावमें वह कार्य संयुक्तप्रान्त तक ही कर पा रही थी। कलकत्ता की रॉयल एशियाटिक सोसायटी केवल संस्कृतग्रन्थों पर अपना ध्यान केन्द्रित किये हुए थी। अवधी और ब्रजभाषाके महत्वपूर्ण ग्रन्थोंकी खोजका काम उत्तर भारत यथाशक्य कर रहा था और परिणामस्वरूप इन दोनों भाषाओंका बहुतसा साहित्य प्रकाशमें आता जा रहा था। प्रयत्न नहीं हो रहा था तो वह राजस्थानमें। विद्याभूषणजी इस स्थितिसे चिन्तित हो उठे। उनका हृदय क्रन्दन कर उठा। परन्तु, अकेले कितना करते ? तब उन्होंने अपने साहित्यिक मित्र बालाबख्शजी बारहठको प्रेरित कर चारणों, भाटों, राजमहालयों और जनसामान्यके समीप अस्तव्यस्त रखे हुए उपेक्षाग्रस्त डिंगल और पिंगल साहित्यके उद्धार का पुनः शक्तिभर प्रयत्न किया। प्रकाशन निमित्त सात सहस्र रुपयोंकी स्थायी निधि नागरीप्रचारिणी सभा, काशीमें स्थापित करवायी। राजस्थानी भाषाकी संपन्नताको साहित्यिकजगत्के समक्ष लानेके लिए वह सदैव उत्कण्ठित रहते थे। इस दिशामें उन्होंने एक बृहद् राजस्थानी कोषके निर्माणको परमावश्यक समझते हुए जोधपुरके श्रीयुत् सीतारामजी लाळसको सन् १९३२में उत्प्रेरित किया तथा बहुतसी संदर्भ सामग्री भी प्रदान की। वह कोष अब श्री लाळसजीके कर्तृत्वमें संपादित होकर प्रकाशित हो रहा है। इसी प्रकार सन्त साहित्यके अक्षय भंडारका प्रकाशन भी उनका मनोवाञ्छित था, जिसके लिए उन्होंने तदानीन्तन उदीयमान साहित्यिकोंकी एक समिति बना कर 'सन्त ग्रन्थमाला' की योजना—सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्लीके तत्वावधानमें चालू की थी।

हस्तलिखित ग्रन्थोंकी अन्वेषणा करते रहना उनका रुचिकर कार्य था। किसी प्रयोजनसे कहीं गये हों, वहीं समय निकाल कर ग्रन्थोंकी खोज वह करते रहते थे। शेखावाटी और तोरावाटी, जहां वह दीर्घकाल तक राजकीय अधिकारीके रूपमें रहे थे, से निरन्तर ग्रन्थचयन करते रहते थे। जहां कहीं उत्तम ग्रन्थ मिला, उसे मुंहमांगे दामों पर खरीद कर अपने संग्रहालयकी शोभा बढ़ाते एवं शोधकार्यके लिए नवीन उत्साहसे जुट जाते थे। उनकी इस विशुद्ध साहित्यिक अभिरुचिसे उत्प्रेरित होकर बहुतसे विवेकशील सन्त महन्त और सद्गृहस्थ भी उन्हें सदुपयोगार्थ अपनी प्रतियां और गुटके दे दिया करते थे। विद्याभूषणजीने ऐसे कृपालु समर्पकोंका उल्लेख यथास्थान अपनी सूचीमें किया है। कतिपय ऐसे ग्रन्थ, जो उन्हें स्थायी संग्रहके लिए नहीं मिल पाते थे, उनकी प्रतिलिपियां वह अपने व्यय से निरन्तर करवाते रहते थे। ग्रंथ-सूची में इस प्रकारके अनेक प्रतिलिपिकर्ताओंका उल्लेख मूल ग्रंथके मूल स्रोतके साथ अंकित है।

ग्रन्थप्राप्तिविषयक उनके उत्कट अनुरागका वर्णन करते हुए श्रीयुत रामगोपालजी पुरोहितने एक मर्मस्पर्शी घटना सुनाई, जो इस प्रकार है :—

जयपुरमें, जहां आजकल "मानसिंह हाई वे" है, वहां पहले अठवाड़ा बाजार

लगता था, जो अब गणगौरी बाजारके चतुष्पथ पर देखा जा सकता है। इसमें विविध प्रकीर्ण वस्तुएँ विक्रयार्थ आती हैं। पुरोहितजी साहबके दृष्टिपथमें एक हस्तलिखित पुस्तक आई। जितना मूल्य उस विक्रेताने लगाया, विद्याभूषणजीके पास तत्काल नहीं था। अपरिचित होनेसे विक्रेताने नकद दामों पर ही पुस्तक देना स्वीकार किया। विद्याभूषणजीने यहां जो परिचय ग्रन्थानुरागका दिया, वह अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने अपना अंगरखा उतार कर विक्रेताके पास न्यासके रूपमें रख दिया और यह कहते हुए ग्रन्थ खरीद लिया कि अभी अमुक लक्षण वाला व्यक्ति मूल्य लेकर तुम्हारे पास आएगा, उसे यह अंगरखा लौटा देना। क्या किसी साहित्य-प्रेमीका हृदय साहित्यके लिए इस प्रकार तड़पा है? यह केवल एक झलक है, उनके उत्कट विद्यानुरागकी।

विद्याभूषणजी द्वारा सम्पादित ग्रन्थोंकी लम्बी सूचीमें[1] आयुर्वेद, ज्यौतिष, इतिहास, कथा, अनुसन्धान, काव्य और सन्तसाहित्य आदि विविध प्रकीर्णक हैं, जिन्हें देख कर उनका बहुमुखी पांडित्य सुव्यक्त होता है। जितना उनकी तीक्ष्ण दृष्टि और समर्थ लेखनीकी अकुंठ धारासे देखा लिखा गया है, वह शाणोल्लीढ मणिके समान है, जिस पर आलोचनाका वज्रतीक्ष्णचंचुप्रहार भी मोघ है।

सन्त-साहित्य और इतिहास विद्याभूषणजीके विशेष प्रिय विषय रहे। इनके लिए उन्होंने आचूड श्रमस्वेदावगाहन किया। विशेषत: सन्तसाहित्यके ग्रन्थोंमें उन्होंने जो आत्मानन्द अनुभव किया उससे वह छके रहते थे। वह लिखते हैं— "जितने ग्रन्थ हमें उपलब्ध हुए हैं, उनके अवलोकनसे ज्ञात होता है कि समग्र रचनासमूह एक अटल, अनन्यभगवद्भक्ति, प्रभुप्रेम और सच्चे गहरे हरिरसका तरंगमय समुद्र है। उसमें आद्योपान्त शान्तरसका समुद्र है जिसकी गम्भीर, धीमी, अनुद्विग्न लीला-लोलतरंगमालाएँ मनरूपी जहाजको सुमधुर गतिसे भगवच्चरणारविन्दोंमें बहाये हुए ले जा रही हैं" और यही कारण है कि दादू, मीरां, भीख, जनगोपाल, व्रजनिधि और गरीबदास आदिके दुर्लभ साहित्यपाथो-

---

१— विशूचिकानिवारण २— सतलडी ३— सुन्दरसार ४— तारागण सूर्य हैं ५— महाराज मिर्जा राजा जयसिंह ६— महाराज मिर्जा राजा मानसिंह ७— महामति मि० ग्लैडस्टन ८— व्रजनिधिग्रन्थावली ९— सुन्दरग्रन्थावली १० गुरु गोविन्दसिंहके पुत्रोंकी धर्मबलि ११— मीरां बृहत्पदावली १२— जयपुरकी वंशावली १३— होलीहजारा १४— महाराजा सवाई जयसिंह १५— श्रीजगतशिरोमणीजी १६— बारहमासी संग्रह १७— बावनीसंग्रह १८— श्रीशनि-कथा १९— विक्रमादित्य और उनके नवरत्न २०— राघवीय-भक्तमाल २०— सुन्दरोदय २२— सुन्दरसमुच्चय २३— बाजीदग्रन्थावली २४— जन-गोपालग्रन्थावली २५— माधवानलकामकन्दला २६— भीषबावनी सटीक २७— दादूचरित्र-संग्रह २८— शिखरवंशोत्पत्ति २९— जानकवि ग्रन्थावली ३०— शिखरिणीसंग्रह सटीक ३१— गरीबदासग्रन्थावली ३२— ठाकुर शिवसिंहजी ३३— महाकवि श्रीगंगके कवित्त इत्यादि।

निधिकी रत्नरश्मियां सम्भाले हुए वह कौस्तुभमणिसमुल्लसित विष्णुके समान विबुधोंके मध्यमें शोभायमान रहे हैं। उन्होंने ऐसी अनेक भ्रान्तियोंको निर्मूल किया जो सन्तसाहित्य और साहित्यकारोंके रचना, स्थान, देश, काल एवं प्रक्षिप्तांश आदिसे सम्बन्ध रखती थीं। सुन्दरग्रन्थावली और व्रजनिधिग्रन्थावलीकी बृहत् शोधपूर्ण भूमिकाओंको पढ़कर विद्याभूषणजीके गम्भीर अनुशीलन, प्रौढ़ पाण्डित्य और विलक्षण सामर्थ्यका दुर्गाढ़ परिचय प्राप्त किया जा सकता है। "मींरा बृहत् पदावली" एवं "पत्रावली" को राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर द्वारा प्रकाशित करनेका उपक्रम चालू है।

विद्याभूषणजीका इतिहास-प्रेम प्रसिद्ध था। वह कहा करते थे कि इतिहासमें मिथ्याको स्थान नहीं। ऐसे साहित्यकारके लिए, जो सत्यसेवाको ही लक्ष्य मानता है, इतिहाससे उत्तम वस्तु लाभ करना कठिन है। स्वभावतः सत्यसेवी होनेके नाते वह ऐतिहासिक शोधप्रसंगोंको प्रामाणिकताकी अकाट्य कसौटी पर कस कर ही मन्तव्यके रूपमें स्थिर करते थे। इनके द्वारा लिखित 'फर्जन्दे दौलत, महाराजा श्रीमिर्जाराजा मानसिंहजी प्रथम', 'मिर्जाराजा जयसिंह' एवं अन्य ऐतिहासिक प्रसंग स्थायी सन्दर्भके रूपमें विद्वानोंके द्वारा मान्य किये गये हैं। इतिहासके विषयमें इनको अधिकारी विद्वान् मान कर ही देशके अन्यान्य इतिहासज्ञ उनसे लिखापढ़ी करके अपना मार्गदर्शन प्राप्त किया करते थे। जयपुरराज्यकी ओर से देशके प्रसिद्ध इतिहासकार सर यदुनाथ सरकारको राजकीय ऐतिहासिक पुरालेखोंके संग्रहके आधार पर जयपुरराज्यका इतिहास लिखनेके लिए आमन्त्रित किया गया था। श्रीसरकारने कितने ही वर्षों तक उक्त पुरालेखोंका अनुशीलन और मनन करनेके पश्चात् सम्बन्धित इतिहासके बहुतसे अध्याय लिखे भी थे। किन्तु, किन्हीं कारणोंसे वह अन्तिम रूप नहीं प्राप्त कर सका। जयपुरके वर्तमान महाराजा साहब श्रीसवाई मानसिंहजीने पुरोहितजी महाराजको आमन्त्रित कर उक्त असमाप्त कार्यको पूर्ण करनेका अनुरोध किया। स्वर्गीय विद्याभूषणजी उस समय मींरांबृहत्पदावलीके कार्यमें एकान्त भावसे संलग्न थे। इसलिए उन्होंने निवेदन किया कि मींरासम्बन्धी कार्यको पूरा करके वह इतिहासके कार्यमें हाथ लगा सकेंगे। परन्तु महाराजा साहबका आग्रह-अनुरोध चलता रहा कि मींराके कार्यको स्थगित करके भी इतिहासको पहले पूरा करें। अन्ततो गत्वा राजभक्त पुरोहितजीको यह स्वीकार करना पड़ा। मींरासाहित्यसम्बन्धी सामग्री को वेष्टनोंमें बांध कर रख दिया गया और वह इस इतिहासशोधन-सम्पादनके कार्यमें लग गये। उन्होंने सर यदुनाथ सरकार द्वारा लिखित अध्यायोंको पढ़ा और उनमें आवश्यक तथ्योंका समावेश प्रामाणिक मूल कागजातके आधार पर

सही व्याख्या व विश्लेषण करते हुए किया। परन्तु, इतिहासका यह कार्य भी वह अपने जीवनकालमें पूरा नहीं कर सके और बीच में ही कालने अक्षय व्यवधान डाल दिया।

इससे मीरांसम्बन्धी शोधमें जो अपेक्षित पूर्णता उनके हृदयंगम थी एवं जिसको वह सम्भव कर रहे थे, वह भी शेष रह गयी और इतिहासके वे वेष्टन भी विद्याभूषणजीके सुपुत्र श्रीरामगोपालजी पुरोहितके कथनानुसार पुनः महाराजा साहिबको यथावत् प्रत्यर्पित कर दिये गये।

प्रसिद्ध इतिहासज्ञ महामहोपाध्याय पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझाने अपने संस्मरणमें लिखा है कि 'विद्याभूषणजी इतिहासके अन्वेषक, तार्किक एवं मननशील व्यक्ति थे। इसीलिए मेरा उनका पत्रसम्बन्ध प्रायः होता रहता था।' मुगल सम्राटोंकी ओरसे जयपुरनरेशोंकी सवारीके लिए प्रदत्त 'माहीमरातिब'के क्रमोल्लेखकी जानकारी प्राप्त करनेके लिए स्व० विद्याभूषणजीसे श्रीओझाजीने जो पत्रव्यवहार किया था वह बहुतसे सम्पुष्ट प्रमाणों और ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है।

विद्याभूषणजीके महत्वपूर्ण पत्रोंका संकलन, जिनकी संख्या साढ़े छह सहस्र-प्रायः है, उनके आत्मज श्रीयुत पं० रामगोपालजी, बी. ए. एल-एल. बी. के पास है। ये पत्र हिन्दी, अंग्रेजी और उर्दू में हैं। हिन्दी पत्रोंकी छंटनी राजस्थान प्राच्यविद्या-प्रतिष्ठान, जोधपुर द्वारा करवादी गयी है तथा अन्य पत्रोंका विभक्तीकरण श्रीरामगोपालजी साहब अपनी रुग्णावस्थामें भी पूर्ण मनोयोगसे करवा रहे हैं। मीरांबृहत्पदावलीका विशाल, प्रामाणिक संग्रह, विद्याभूषणजीकी अमर देन है। इसमें अद्यावधि अज्ञात मीरांके छह सौ पदों का अद्भुत संकलन किया गया है, जिनकी ज्ञात साढ़े तीन सौ पदोंके साथ पूर्ण संख्या नौ सौ पचासके लगभग है। मीरांसम्बन्धी अज्ञात पदोंका यह उद्धार विष्णुके गजेन्द्रमोक्षकी अथवा वराहके धरा-उद्धारकी स्मृति दिलाता है। विद्याभूषणजीने देशके कोने-कोनेसे पत्रव्यवहार कर मीरांके सम्बन्धमें अभूतपूर्व जानकारी प्राप्त की थी। मीरांके जितने पद उन्होंने प्राप्त किये, उनको भाषा, भाव, शैली, लोकश्रुति और परम्परा आदिकी प्रामाणिक कसौटियों पर उन्होंने परखा है और सौ टंच सुवर्णको ही मीरांबृहत्पदावलीमें स्थान दिया है। यद्यपि विद्याभूषणजीके पास समय-समय पर आने वाले विद्वानों और उनके बाद भी पुरोहित श्रीरामगोपालजी से सम्पर्क साधने वाले कतिपय आधुनिक शोधकर्ताओंने इस संकलनसे आशातीत लाभ उठाया है और स्वतन्त्र निबन्धोंकी रचनाके रूपमें प्रकाशित भी करवा दिया है, फिर भी स्वर्गीय विद्याभूषणजीके पत्रव्यवहारसे ऐसी अनेक बातें सम्मुख

आएंगी, जो मीरांके जीवन, काव्यसाधना और भक्तिपक्ष पर अभिनव प्रकाश निक्षेप करते हुए कितनी ही गवेषणाग्रन्थियोंको सुलझानेमें परम सहायक सिद्ध होंगी।

विद्याभूषणजी एक समर्थ भूमिकालेखक भी थे। अनेक ग्रन्थकार अथवा सम्पादक उनसे भूमिका लिखवाने उपस्थित हुआ करते थे। जिस पुस्तक पर वह भूमिका लिखना स्वीकार कर लेते थे, उसमें केवल उपचार निभानेके लिए ही कलम नहीं उठाते थे। अपितु वह उस ग्रन्थको, सम्पादनको, विषयवस्तु और उसके प्राप्त अप्राप्त तथ्योंको प्रचुर मात्रामें संगृहीत कर पूर्ण सूक्ष्मेक्षिकाके पश्चात् कर्तव्य साधने बैठते थे। यही कारण है कि ये भूमिकाएँ इतनी उत्कृष्ट होती थीं कि सम्पादक अथवा लेखकका परिश्रम निखर उठता था। काशी नागरीप्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित ब्रजनिधिग्रन्थावली और दादू, कविया, गोपाल, सुन्दरदास और रघुनाथरूपक गीतांरो तथा बांकीदास पर इस प्रकारके सम्पादन और लेखनकी पुष्ट-प्रौढ़ छाप देखी जा सकती है।

नागरीप्रचारिणी सभा, काशीके वह आजीवन सदस्य और प्रमुख स्तम्भोंमेंसे अन्यतम थे। विद्याभूषण तो वह थे ही, विनयभूषण भी प्रथम कोटि के थे। उनका अकृत्रिम सारल्य, बालकके समान निष्कलुष एवं निरुपचार था। धर्म और सत्यके प्रति अटल निष्ठा, सदाचारका पालन, स्वार्थत्याग, सहिष्णुता एवं विचारस्थैर्य आदि गुणसमूहोंने उन्हें अपना एकमात्र आश्रय मान लिया था और वह स्वयं भी इन गुणपुंजोंमें इतने तदाकार हो गये थे कि गुण और गुणीका पार्थक्य देख पाना वज्रकपाटोंकी सन्धिकील उखाड़ना था।

इतने दिव्य, भव्य, धीर और विद्वान् होते हुए भी वह मानासक्ति और आत्मविज्ञापनके पंकसे कबीरकी चादरके समान अस्पृष्ट थे। 'दास कबीर जतन से ओढ़ी, ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया'के वह उपमान थे। एक उदाहरण इस प्रसंग में उपादेय होगा।

काशी नागरीप्रचारिणी सभाने विद्याभूषणजीको उनके ७५वें वर्ष पर्व पर सम्मानित करना निश्चित किया। सभाके लिए ऐसा आयोजन करना उचित ही था। मित्र परिचितोंको भी यह जान कर हर्ष होना स्वाभाविक कहा जाना चाहिए। उमंग भरे डाक्टर पीताम्बरदत्त बडथ्वालने समयसे कुछ पूर्व ही विद्याभूषणजीको पत्र द्वारा इसकी सूचना पहुँचा दी। बस, पुरोहितजी का सरल, निरभिमान हृदय इस मानभरे आयोजनके तुमुलचिन्तनसे विचलित हो उठा। जहां ऐसे अवसरकी प्राप्तिके लिए अन्य उत्कंठित रहते हैं, वहां विद्याभूषणजीको हृत्कम्पी अधैर्यने घेर लिया। भला, सरस्वतीके एकान्तमन्दिरमें उपासनालीन पुजारीको यह विघ्न कैसे रुचिकर होता और कैसे वह इस औपचारिकताके पीछे आता, जाता, लेता, देता रहता?

उन्होंने कठोर शपथ रखते हुए इस आयोजनको तत्क्षण रद करनेके लिए अपना अस्वीकृतिमन्तव्य दृढ़ताके साथ लिख भेजा। उनके शब्दोंमें कहें तो, पुरोहितजीने इस प्रस्तावको विनयके साथ दीन प्रार्थना करते हुए ठुकरा दिया। परन्तु, सभा के अन्य सभी कार्योंमें विद्याभूषणजीने संलग्नमनस्कतासे आजीवन सहयोग दिया। गीताके स्थितप्रज्ञलक्षणोंसे विभूषित विद्याभूषणजीका विनय, त्याग, समभाव और सहिष्णुता चिरकाल तक अविस्मरणीय रहेंगे।

अन्तमें, एक दिव्यदर्शनकी झांकी प्रस्तुत करनेका लोभ कलम संवरण नहीं कर पा रही है। बात अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलनके जयपुर अधिवेशनके प्रथम दिनकी है। एक छह फीट लम्बे, आजानुबाहु, तेजस्वी, गौरवर्ण तुषारस्नातश्वेतपुंसरस्वतीप्रतिम वृद्ध पुरुष, जिन्होंने चूड़ीदार पायजामा, भव्य श्वेत अंगरखा, गुलाबी पगड़ी और कंधे पर सांगानेरी उत्तरीय पहना हुआ था, सहारेके लिए हाथमें मूठदार छड़ी थामे हुए मंचके एकान्त कोनेमें चुपचाप आकर विराजमान हो गये। यह माननीय विद्याभूषणजी थे। सम्मेलन का सम्मर्द था। बहुत जन आ जा रहे थे। कोलाहल बढ़ रहा था। तभी श्रद्धेय श्रीपुरुषोत्तमदासजी टंडन मंच पर आये। वह पुरोहितजीके यश:सौरभके मधुव्रत थे परन्तु, साक्षात्कार सुरभित श्वेत कमलके भव्य पार्थिव व्यक्तित्वका अभी नहीं हुआ था। विद्याभूषणजीने भी टंडनजीको सुना था, देखा नहीं। अब जैसे ही टंडनजीको पता चला कि विद्याभूषणजी आये हुए हैं, वह उनकी ओर द्रुतगतिसे मिलनोत्सुक होकर चले। फिर तो श्याम सलौने टंडनजी और तुषारधौत विद्याभूषणजी एक-दूसरेसे इस प्रकार लिपट गये कि जैसे समान-उद्देश्यपथगामिनी यमुना-गंगाकी धाराएं अन्तश्छन्न सरस्वतीको लिये संगम पर एक हो गई हों।

वह व्यक्तित्व, वह विभूतिभूषित महासत्व अपनी जीवनयात्राके अडिग पदचिह्नोंको साहित्यके राजमार्ग पर, सृजनके मणिदीपकोंकी अक्षयपंक्ति- अक्षर-स्नेहसे जगमग कर अब प्रस्थान कर गया है। शेष है उसकी अक्षरसम्बद्ध कीर्ति, जो हमारे श्रुतिपुटों पर अमृतलहरियोंके शत-शत उर्मिभंग तरंगित कर रही है, करती रहेगी। विद्याभूषणजी यदि अपने श्रमस्वेदपरिप्लुत उपक्रान्त ग्रन्थोंको (मीरां, जयपुर राज्यका इतिहास प्रभृतिको) स्वयंकी आँखोंसे मुद्रित, प्रकाशित एवं सम्पन्न देख पाते तो उनसे अधिक तृप्तिलाभ साहित्यिक सहृदयोंको ही होता, परन्तु अब तो उनकी पुण्य स्मृतिके काननमें ही ये सदाबहारी कुसुम खिलखिला कर विद्याविनयभूषण पुरोहित हरिनारायणजीकी कीर्तिमंजरियोंको विकीर्ण करते रहेंगे। एवमस्तु।

स्वर्गीय पुरोहित हरिनारायणजी, बी.ए. -

विद्याभूषण - ग्रन्थ - संग्रह - सूची

स्वर्गीय पुरोहित हरिनारायण 'विद्याभूषण' ग्रन्थ-संग्रह-सूची

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
१	गुटका (३ कृतियाँ)				
	(१) दादूवाणी (साखी) अंग ३७	दादू दयाल	१८वीं श०	१–१७२	
	(२) दादूपद (राग २७; पद ४४०)	,,	,,	१७२–२९७	
	(३) कबीर परचई	अनंन्तदास	,,	२९७–३१५	
२	गुटका (३२ कृतियाँ)				बाबा बनारसीदासके थांभेमें सनेहीराम खानपुरिकाकी लिखी शरवती रंगकी आंटीदार छींटका गत्ता।
	(१) दादूदयालजीकी वाणी (२४२३ साखी और २४ अङ्ग)		१८४८ विक्रमी ,,	१–१५१	
	(२) दादूदयालजीका पद (शब्द) (४४० पद और २६ राग)		१८४८ विक्रमी ,,		
	(३) कबीरजीकी साखी (९१६ साखी और ५८ अङ्ग)	कबीर	१८४९	१५२–१८२	
	(४) कबीरजी का पद (४२१ पद और ७ रमैणी)	,,	,,		
	(५) नामदेवजीका पद (१५० पद, राग १५)	नामदेव	,,	१८३–२४७	
	(६) नामदेवकी साखी १३	,,	,,	२४८–२६५	
	(७) रैदासजीका पद (७१ पद और २ साखी)	रैदास	,,	२६५–२७६	
	(८) हरिदासजीका पद ९४, रमैणी १	हरिदास		२७६–२९५	
	(९) दादूजीकी ४० साखियों पर आध्यात्मिकटीका (कायावेली ग्रन्थ)			२९५–३१७	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
	(१०) दादूजीके फुटकर शब्दोंका अर्थ		१८४९	३१७—३२१	
	(११) कबीरजीकी २६ साखियों पर टीका		,,	३२१—३७५	
	(१२) कबीरजीके १२५ पदों पर टीका		,,		
	(१३) नामदेवजीके २३ पदों पर टीका		,,	३७५—३८३	
	(१४) रैदासके ३ पदों पर टीका		,,	३८३—३८४	
	(१५) हरिदासजीके १९८ पदों पर टीका		,,	३८४—४०३	
	(१६) मुकन्द भारतीके २ पद तथा बखनाजीके ४ पद टीका सहित		,,	४०३—४०५	
	(१७) फुटकर संग्रह— नवधाभक्ति, १२ प्रश्नोंके उत्तर, शरीकत, तरकती, मारफत, हकीकत, सात धातु, ४ दिशा, ३ गुण, स्वभाव, नवनाथ, दो पद।		,,	४०५—४०६	
	(१८) नामदेवजी के टिप्पणीपदोंकी टीका (षट्चक्रकोण; दक्षिणी शब्दोंकी भाषा)		,,	४०६—४०८	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
	(१९) फुटकर संग्रह–		१८४९		
	कवित्त अक्षौहिणीप्रमाण			४०८वाँ	
	रावणके कवित्त २			४०८वाँ	
	८ जाम आर्वल भेद ९ कवित्त			४०८–४०९	
	श्लोक समयप्रमाण				
	ब्रह्मस्तुति		”	४०९वाँ	
	२ छन्द (ब्रह्माके ४, मुख ४ वेद, ६ शास्त्र, ६ पुत्र, छहों शास्त्रोंका प्रमाण, दादूवाणी और कबीरवाणीमें)	दादू व कबीर	”		
	सनत, सनन्दन, सनत्कुमार और जडभरत तथा जनकके वाक्य (संस्कृतमें)		”	४११वाँ	
	जैतरामजीकी सौरभका छन्द	जैताराम	”	४१२वाँ	
	जगजीवनको कवित्त	जगजीवन	”	४१२–४१४	
	४ वेदमें षट्शास्त्र, ५ छन्द		”		
	जगन्नाथजीके सवैया		”		
	राघोजीको कवित्त	राघोजी	”		
	रेखता मुसलमानी फकीरोंका		”		
	शेर सूफियोंके फारसीमें		”		
	नीतिके श्लोक ३		”		

क्रमांक	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
	शान्तिके छन्द ४		१८५		
	पीपकी साखी	पीपा	”		
	राम-लक्ष्मणसंवादका श्लोक		”		
	राघोकी साखी १	राघोजी	”		
	जैमलकी साखी १	जैमल	”		
	छन्द 'दादू दीनदयालको जन दर्शन दियो'		”		
	भागवत पर रूपक कवित्त		”		
	१४ विद्याके आध्यात्मिक अर्थ		”	४१५वाँ	
	च्यारों सम्प्रदाय और दादू-पन्थका आदि		”	”	
	२४ सिद्ध		”	”	
	सप्तश्लोकी गीता		”	४१६वाँ	
	चतुः श्लोकी भागवत		”	”	
	घण्टाकर्णको मन्त्र		”	”	
	देवदासका पद योगका	देवादास	”	”	
	नसीहतनामा	हरिदास	”	४१७वाँ	
	काफिर तथा मोमिनके लक्षण		”	”	
	युगादिगणना		”	”	
	४ छन्द	तत्ववेत्ता	”	”	
	पद 'जाही विध राखे राम'		”	४१८वाँ	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
	भूपका कवित्त	सुन्दरदास	१८४६	४१८वाँ	
	७ वार १२ मास, राशि संप्रदाय	,,	,,	,,	
	सिद्धान्त	,,	,,	,,	
(२०)	भक्तविरदावली	हरिदास दादूपन्थी नारायणदास शिष्य	,,	४१९–४२६	कहीं दोहा और छप्पय छन्दों का प्रयोग हुआ है। जिसमें 'तुम विन हरिदास के स्वामी ऐसा विरद कौन को छाजै' यह प्रत्यय पद प्रायः आया है। कुल ४१ छन्द हैं।
(२१)	अमृतधारा	भगवानदास अर्जुनदास-शिष्य	,,	४२६–४५५	रचनाकाल–१७२८। यह वेदान्तग्रन्थ १४ प्रभावों में वर्णित है। भगवानदास क्षेत्रवास के निवासी थे। यह वेदान्त का प्रक्रिया ग्रन्थ ललित छन्दों में है। श्लोक सं० १०००।
(२२)	कवित्त सर्वङ्ग (४९ छन्दों में)	हरिदास	,,	४५५–४६१	हरिदास 'भक्त विरदावली' के रचयिता और नारायणदास के शिष्य थे। इस ग्रन्थ के कई छन्दों में रज्जबजी का भोग है। वे छन्द रज्जबजी के ही हैं।
(२३)	जगजीवनजीकी दृष्टान्त साखी (१०९ साखी)	जगजीवन दादूशिष्य	,, ,,	४६१–४६५	
(२४)	विचारमाला	अनाथदास	,,	४६५–४७२	वेदान्त का अच्छा ग्रन्थ है, कविता उत्तम है तथा ८ विश्रामों में इसकी पूर्ति हुई है। इसका रचनाकाल १७२६ विक्रमीय है।

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
	(२५) ज्ञानसमुद्र	सुन्दरदास	१८४९	४७२–४९४	रचनाकाल—१७१० । ५ उल्लासों में इसकी पूर्ति हुई है। समस्त छन्द ३०६; समस्त श्लोक ६०० ।
	(२६) रज्जबजीका कवित्त (४० अङ्ग, ८६ छन्द)	रज्जबजी	,,	४९४–५०३	प्रायः छप्पय छन्द का प्रयोग बहुलता से किया गया है ।
	(२७) सर्वङ्ग बावनी (भीषावावनी)	भीषजन	,,	५०३–५०९	रचनाकाल—१६८३ । ओंकार से स्वर और व्यञ्जन-क्रम में ५४ छप्पय छन्द है ।
	(२८) हरिबोल-चिन्तावणी	सुन्दरदास	,,	५०९–५१०	
	(२९) विवेक-चिन्तावणी	,,	,,	५१०–५११	
	(३०) तरक-चिन्तावणी	,,	,,	५११–५१३	
	(३१) सवैया (३४ अङ्ग, ५५३ सवैया)	,,	,,	५१३–५५८	
	(३२) चौपर या जूजमल्ल राजाकी कथा		,,	५५८–५७७	यह ग्रन्थ आठ उल्लासों में पूर्ण हुआ है। यह दादूजी की करामात की कथा है।
३	गुटका—				
	(१) दादू साखी शुद्ध साखी २५६५ अङ्ग ३७	दादू	१८५८	१–२१०	दिल्ली अकबरगंजमें कल्याणदासकी गुरु-परम्परामें सन्तोषदास द्वारा लिखित । यह पाठ शुद्ध है ।
	(२) दादूजीके पद शुद्ध पद ४४० राग २७	,,	,,	२१०–३८३	पूर्ण ।
	(३) दादूदयालजीकी जन्मलीला परचई । चौपाई ६६२ दोहा २४, साखी २७	जनगोपाल	,,	३८३–४५२	
	(४) त्रिलोचनकी परचई, छन्द २८	अनन्तदास	,,	४५२–४५५	अनन्तदास पीपाकी गुरुपरम्परामें थे ।

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
	(५) पीपाकी परचई, छन्द ७४७	अनन्तदास	१८५८	४५५–५२८	
	(६) नामदेवजीकी परचई, छन्द ४८	,,	,,	५२८–५३२	
	(७) कबीरजीकी परचई, छन्द २२८	,,	,,	५३२–५५२	
	(८) रैदासकी परचई २१६	,,	,,	५५२–५७३	
४	गुटका जिसमें—१२ कृतियाँ हैं।				
	(१) दादूवाणी अंग ४ (अपूर्ण)	दादूदयालजी	,,	१–५१	
	(२) पारस भाग (कीमिया शहादत-नामक महम्मद गजालीकृत फारसी ग्रन्थका अनुवाद)	अडणज सेवापंथी	,,	५१–२११	
	(३) धर्मसंवादग्रन्थ (१६३ छन्द)	खेमदास	,,	२१२–२३०	
	(४) रज्जवजीकी साखी एवं स्फुट कवित्त	रज्जबजी	,,	२३०–२३२	
	(५) दृष्टान्तसाखी आदि स्फुट संग्रहके २१० छन्द	विविध	,,	२३२–२५२	
	(६) नमस्कार वंदनाको अंग और	,,	,,	२५२–२६९	
	सर्वसाधुओंकी फुटकर साखी	नारायण (कल्याणदासपुत्र)		२५२,२६१, २६२,२६५, २७१	
	स्फुट दोहे आदि कुल ६६७	रज्जब		२५२,२५५, २५९,२६०, २६१,२६४, २६५,२६६, २६७,२६९	

क्रमांक	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
	स्फुट दोहे आदि कुल ६६७	जगन्नाथ		२५३,२५४ २६४,२६६ २६५B, २६६B,२७७	
	,,	जैमल		२५४,२५८, २६५B,२७३	
	,,	सुन्दर		२५५,२५६, २६४,२६६,	
	,,	जगजीवन		२५७,२६५, २६६,२७१, २७७	
	,,	कालू		२७७	
	,,	अहमद		२६४	
	,,	जानराय		२५६	
	,,	फरीदा		२६०,२६२, २६५,२६६. २६३B	
	,,	गोरख		२५८,२६४, २६७,२६२B	
	,,	चरपट		२५८,	
	,,	परसराम		२६५,२७०, २६४B	

क्रमाङ्क	ग्रन्थमाला	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(४)	(६) स्फुट दोहे आदि कुल ६६७	समन		२६०,२६२, २७५	
		वाजिदा		२६०	
	,,	बखना		२६१,२६५, २६६,२६५B	
	,,	चतरदास		२६२,२६६	
	,,	राघो		२६६B, २६६B, २७०,२७६,	
	,,	तुरसी (तुलसी)		२५७,२६०, २६५,२६७, २६३B, २६४B, २६६B, २६७B, २७१,२७२	
	,,	वेम		२७३	
	,,	नानक		२६०,२६३B	
	,,	जनगोपाल		२६२B. २६४B.	
	,,	पीपा		२७४	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(४)	(६) स्फुट दोहे आदि कुल १६७	रज्जब		२६३B.	
	,,	,,		२६४B.	
	,,	,,		२६५B.	
	,,	,,		२६६B.	
	,,	,,		२६७B.	
	,,	,,		२६८B.	
	,,	,,		२६९B.	
				२७०,२७१	
				२७२	
	सर्वङ्ग साखी	,,		२७८–२८६	
	रज्जबकी छोटी साखी			२८६–२[illegible]८	
	साखी आदि	दादू		२६३	
	,,	बंजल		२६९	
	,,	माधोदास		२६६B.	
	,,	नन्ददास		२६८B.	
	,,	हरिदास		२७०	
	(७) पदसंग्रह । पद सं. ३२१ सबद	दादू	१८वीं	२९८–३९०	
	पद	गरीब		,,	
	,,	कबीर		,,	
	,,	सुन्दर		,,	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(४)	(७) पद	जनगोपाल		२९८–३९०	
	,,	रैदास		,,	
	,,	परमानन्द		,,	
	,,	नामदेव		,,	
	,,	घड़सी		,,	
	,,	रज्जब		,,	
	,,	अग्रदास		,,	
	,,	सूरदास		,,	
	,,	मुकुन्द		,,	
	(८) नासिकेत-व्याख्यान-भाषा चौपाई ७७१, अध्याय १७	दयालदास—जगन्नाथ-शिष्य		३९०–४५१	रचना काल १७३४ ।
	(९) नाममाहात्म्य (द्विजकन्यासंवाद) अध्याय ५			४५१–४६७	
	(१०) सुख (शुक) संवाद	खेमदास		४६७–४८३	
	(११) मोहमर्द राजाकी कथा	जगन्नाथ		४८३–४९६	
	(१२) सुन्दरदासजीके सवैया कुल अङ्ग ९	सुन्दरदास		४९६–५२९	इन्दव छंदके भी सवैये हैं ।
५	गुटका— ९ कृतियाँ				
	(१) ध्रुवचरित्र	जनगोपाल	१८५८	१–६७	लि.क. मिश्र हरिकृष्ण, सिकन्दरामध्ये । र.का. सं १६४४ प्रतीत होता है ।
	(२) हरिचन्द सत ३५५ चौपाई	ध्यानदास	,,	६८–८०	,, ,,
	(३) रामचरित	सुन्दरदास—कालूदासशिष्य	,,	८०–१०१	

क्रमांक	ग्रन्थनाम	कर्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
	(४) [illegible]लीला	रामानन्द	१८५८	१०१–१०७	
	(५) [illegible]	जनमोहन	,,	१०७–१४०	
	(६) अट्ठाईस नाम (संस्कृत)		,,	१४०–१४२	भगवान् विष्णुके सहस्र नाममें से चुने हुए २८ नाम हैं।
	(७) रासपञ्चाध्यायी	नन्ददास	,,	१४२–२०७	
	(८) [illegible]	रामानन्द	,,	२०७–२१६	
	(९) दानलीला	चरणदास	,,	२१६–२२८	
६	गुटका—८ कृतियां				
	(१) गीत (कृष्ण तेरी आवाज में सुन कर भागी)			प्रारंभिक १७ स्फुट पत्रोंमें	
	(२) स्फुट कवित्त (बजरङ्गकी लावनी)		१९१४	,,	
	(३) हनुमानचालीसा, हनुमान लावनी			,,	
	(४) बारहमासी			,,	
	(५) ध्रुवचरित्र	जनगोपाल	१९१६	१–४१	
	(६) कर्मधर्मसंवाद	सोमदास रज्जबशिष्य	,,	४१–५८	
	(७) भरतविलाप	ईसरदास	,,	५८–७१	
	(८) ऊषाचरित्र	,,	,,	७१–१२८	अपूर्ण।
७	गुटका—५ कृतियां				
	(१) ध्रुवदासवाणी (जीवदशा)	ध्रुवदास राधावल्लभीहितशिष्य		१–६	इनके कई ग्रन्थ 'भारत जीवन प्रेस' में सन् १९०४में छपे हैं। मूल्य १० आने। ये ग्रन्थ नागरी प्रचारिणी सभा, काशीकी कॉपीसे छपे हैं। इसमें जो ग्रन्थ आए हैं उनके नाम ये हैं—

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(८)	७ चन्द्रायणा वा अरिल्ल अनेक अंगोंमें २०	सेवदास	१८८५	१–१०१	
	८ रेखता अनेक अंगोंमें १४	,,	,,	,,	
	९ पद अनेक रागोंमें	,,	,,	,,	
	(२) हरिदासजीकी वाणी	हरिदास	,,	,,	लि.क. मुकुन्ददास दर्शनदासशिष्य; ग्राम रामसा।
	१ ब्रह्मस्तुति ६३ छंद	,,	,,	१०१–१०५	
	२ नांवमालाग्रन्थ २१ छंद	,,	,,	०५–१०७	
	३ नामनिरूपणग्रन्थ ४३ दोहा	,,	,,	१०७–१११	
	४ मानप्रसंगग्रन्थ १५ पद्य	,,	,,	१११–११२	
	५ व्याहलोजोगग्रन्थ ३१ छंद	,,	,,	११२–११५	बहुत उत्तम है—अध्यात्म विवाह "टोडरमल जीत्यो जी" इस ढालमें।
	६ टोडरमलजोगग्रन्थ १ पद	,,	,,	११५–११६	
	७ ज्ञानीअज्ञानीपूच्छा-जोग-ग्रन्थ ४० छंद	,,	,,	११६–१२०	
	८ पद एवं रेखता ८१	,,	,,	१२०–१५०	
	९ कवित्त स्फुट ६		,,	,,	
	१० कुण्डलिया ३६ अनेक अंग		,	,,	
	११ चन्द्रायणा १९ अनेक अंग	,,	,,	१५०–१५३	
	१२ साखी अनेक अंग २५१		,,	१५३–१७०	
	(३) गोरखनाथजीकी कृतियां	गोरखनाथ			
	१ गोरखगणेहगोष्ठीजोगग्रन्थ	,,	,,	१७०–१७३	
	२ शिष्टपुराण	,,	,,	१७३–१७४	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(८)	(१४) सुखसंवादजोगग्रन्थ	खेमदास रज्जबशिष्य	१८८५	२२०–२३६	
	(१५) जड़भरितचरितग्रन्थ	जनगोपाल	,,	२३६–२४६	
	(१६) गुनकठियारानामोग्रन्थ	वाजिद	,,	२४६–२५५	
	(१७) विचारमाला वेदान्त	अनाथदास	,,	२५५–२७१	रचनाकाल–सं० १७२६ (८ विश्राममें पूर्ण) लि.क. माधवदास
	(१८) मोहमरद राजाकी कथा	जगन्नाथदास	,,	२७१–२८१	८ विश्राम, लि.क. माधवदास
	(१९) दानलीला	श्रीकृष्णदास	,,	२८१–२८५	
	(२०) गुनकठियारानामोग्रन्थ	वाजिद	,,	२८५–२९१	
	(२१) लघुताग्रन्थ (संग्रह)	विविध	,,	२९१–२९५	
	(२२) नरसीजीकी हुण्डी	रतनदास	,,	२९५–२९८	
	(२३) फुटकर दोहादृष्टान्त ५३ दोहे	विविध	,,	२९८–३०२	
	(२४) लालदासकी चिन्तावणी १९६ छंद	लालदास	,,	३०२–३०९	
	(२५) ध्रुवचरित्रग्रन्थ	जनगोपाल	,,	३०९–३३१	१९ विश्राममें पूर्ण ।
	(२६) नासकेतभाषा ७२१ दोहे	दयालदास जगन्नाथदास-शिष्य	१८८६	३३१–४००	रचनाकाल–१७३४ फागुण सुदि ५ लि.क.– मुकुन्ददास दर्शनदासशिष्य, गांव खारडियामध्ये ।
	(२७) धर्मसंवाद	जनदयाल उपरोक्त	,,	४००–४२८	महाभारते यज्ञपर्वणि धर्मयुधिष्ठिरसंवाद, ४ अध्यायों में पूर्ण ।
	(२८) विरहपिंजरी (राग सूहा बिलावल, २१ अन्तरे)	सूरदास	,,	४२८–४२९	गोपी-उद्धवसंवाद "तुम लो आये जोग वृत ले दुःसर हांसी को सहै"
	(२९) मीरांजीके पद २	मीरांबाई	,,	४२९–४३०	पद १ "भगति दुहेली हो श्रीजी राइ"

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
९	(१६) त्रिलोचनकी परचई	अनन्तदास	१८४०	१४२–१४३	
	(१७) सेऊ-समनजीकी परचई	मंगल वा रघुनाथ	,,	१४३–१४७	इसका भी कर्त्ता अनन्तदास ही हो ? (सं)
	(१८) पीपाजीकी परचई	अनन्तदास	,,	१४७–२०४	
	(१९) छप्पय-कवित्त आदि	सेवादास	,,	२०४–२११	
	(२०) तर्कचिन्तामणि	सुन्दरदास	,,	२११–२१६	
१०	गुटका—२१ कृतियाँ				
	(१) परसरामजीकी वाणी	परसराम निंबादित्य-संप्रदायी	१८४७	१–५९	
	(२) सुदामाचरित्रको जोड़ो ११ कवित्त	परसराम	,,	१–५	
	(३) नाममाला	,,	,,	५–८	हरिरंगका जोड़ तक
	(४) सवैया ११	,,	,,	८–९	
	(५) साच-निषेधलीला २० चौपाई	,,		९–२३	११३ पद्य
	(६) श्रीनाथलीला ३३ चौपाई	,,		२३–२८	
	(७) श्रीहरिलीला ४० चौपाई	,,	,,	२८–८१	विश्राम ३६ । बाई अनोपावाचानार्थं लिखितं मशेन धना आलण्या पीसांगणमध्ये ।
	(८) हरि-गुरुस्मरण २७ पद	गोविन्ददेवस्वामी		८१–१२६	अनेक रागोंमें, ये बड़े कामके पद हैं।
	(९) (अ) सद्गुरुप्रणाली चौपाई ३३ (ब) सखी-नामरत्नावली	सुभगसखी रूपमंजरीशिष्या	,,	१२६–१३३	गुरुपरम्पराके वर्णनमें प्रणाम सखीभावे
	(१०) जुगलध्यान-नख-शिख २६ चौपैया छंद	,,	,,	१३३–१४१	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)	(२४) उभयमात्राग्रन्थयोग	गोरखनाथ	१७४१–४३	१४२	गद्यमें
	(२५) पंचमात्रायोगग्रन्थ	,,	,,	१४२–१४३	
	(२६) प्राणसांकूली	,,	,,	१४३–१४४	१४४। B पर सूरदास आदि के स्फुट पद हैं जो दूसरी कलमसे लिखे हैं। (सं)
	(२७) ज्ञान चौतीसा	,,	,,	१४६	१४६। B पर सूरदास, जनगोपाल और माधोदास के भिन्न लिपि में पद हैं। (सं)
	(२८) गोरखनाथजीका छन्द, स्तुति-वचन आदि	,,	,,	१४७–१४८	
	(२९) दयाबोधग्रन्थ	,,	,,	१४९	
	(३०) अकलि-सिलोक (गोरख-मुहम्मद संवाद)	,,	,,	१४९–१५०	
	(३१) सिष्टिप्राण	,,	,,	१५०	
	(३२) गोरखनाथजीका पद	,,	,,	१५१–१६०	
	(३३) अनेक सन्त महात्माओं की शब्दियां आदि				
	महादेवकी शब्दी			१६१	
	पार्वतीकी शब्दी			,,	
	चरपटजीकी शब्दी			१६१–१६२	
	भरथरीकी शब्दी			१६२	
	हालीपावजीकी शब्दी			१६३	
	चोरंगनाथकी शब्दी			१६३	
	जती हणवंतकी शब्दी			१६३	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)	(१२) स्फुट साधु पदावली	सूरदास,	१७४१–४३	११५A-१२८	
	,,	पीपा	,,	,,	
	,,	जनगोपाल	,,	,,	
	,,	वखना	,,	,,	
	,,	सुन्दरदास	,,	,,	
	,,	आसनदास	,,	,,	
	,,	रज्जब	,,	,,	
	,,	अग्रदास	,,	,,	
	,,	वैन	,,	,,	
	(१३) रैदासजीके पद	,,	,,	१३०Aवें पृ०	
	(१४) महादेव-गोरखनाथसंवाद व गोरख-गणेसगोष्ठी	गोरखनाथ	,,	१३१–१३३	गद्यमें
	(१५) रोमावलीग्रन्थ	,,	,,	१३३–१३४	गद्यमें
	(१६) नरवैबोध (निर्भय बोध ?)	,,	,,	१३५	
	(१७) आत्मबोध	,,	,,	१३५–१३६	
	(१८) काफिरबोध यंत्र	,	,,	१३७–१३८	
	(१९) पन्द्रहतिथियंत्र	,,	,,	१३८–१३९	
	(२०) सप्तवार-ग्रन्थ	,,	,,	१३९	
	(२१) सप्तवार-नवग्रहयंत्र	,,	,,	१३९–१४०	
	(२२) नवनोरताग्रंथ	,,	,,	१४०	
	(२३) सांख्य-दर्शन-योगग्रन्थ	,,	,,	१४१–१४२	गद्यमें

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
१०	(१९) ज्ञानलीला बत्तीसी ३४ छन्द	परसराम	१८४७	२१८–२२१	
	(२०) भक्त-उपदेशिनी ६५ दोहे	,,	,,	२२२–२३०	
	(२१) फुटकर साखी ४, १ कवित्त	,,	,,	२३०–२३१	कवित्त उत्तम है ।
११	पवन-स्वरोदय	चरणदास	१८८४	७१	कार्तिक कृष्णा ३० शनि लिखितं ब्राह्मण कनीराम, ग्राम बासणामध्ये ।
१२	गुटका—६० कृतियां				
	(१) कबीरजीकी साखी, ५२ ग्रंग	कबीरदास	१७४१–४३	१–२०	नोट—यह पुस्तक पुरोहित कल्याणबक्शजी की कृपासे मालपुरेसे प्राप्त हुई । सं. १९७३ में—सं. १७४३ और सं. १७४१ इसमें लिखे हैं, पीले गत्ते का पुट्ठा हमने बँधवाया, रक्षार्थ ।
	(२) भजन पद संग्रह स्फुट	(१) सूरदास (२) तुलसीदास (३) परमानंद (४) जगन्नाथ और (५) नांपा	,, ,,	२०B	
	(३) दादूवाणी साखी ३६ ग्रंग	दादू	,,	२१–६३	
	(४) दादूपद	,,	,,	६३–६६	
	(५) खाणी-वाणी ग्रन्थ (पार्वती महादेवसंवाद)	गोरखनाथ	,,	६७–६८	
	(६) ग्रभावली	,,	,,	६८–१००	
	(७) इन्द्रियदेवताविषयग्रन्थ	,,	,,	१०१	
	(८) गोरखनाथजीकी ग्रष्ट परीक्षा	,,	,,	१०१	
	(९) श्रीदत्तगोरखसंवाद ४९ शब्द		,,	१०१–१०३	ज्ञानबोध जोग सिद्धान्त संपूरण समापता ।
	(१०) गोरखनाथजीकी शब्दी (११० शब्द)	,,	,,	१०४–११०	
	(११) गोरखबोध (गोरखमछेन्द्रसंवाद)	,,	,,	१११–११५ १२९–१३१	पृष्ठ ११५ तक ६३ शब्द फिर पृष्ठ १२९ पर १०७वें शब्दसे चालू और पृष्ठ १३१ B पर समाप्त

क्रमाङ्क	ग्रन्थमाला	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
१०	(११) गोविन्दलीला पद	परसराम	१८४७	१४२–१४७	पद १६; सोरठ राग
	(१२) ओतारके पद १३	,,	,,	१४७–१५३	
	(१३) रघुनाथचरित्र जोडी १७ पद	,,	,,	१५३–१६०	
	(१४) कृष्णचरित्रको जोड़ी २८ पद	,,	,,	१६०–१६९	
	(१५) द्रोपदीको जोड़ी, २ कवित्त	,,	,,	१७०वाँ	
	(१६) गजग्राहको जोड़ी	,,	,,	१७०–१७३	पद ३–पत्र १७३ और १७३ में दो पद भक्तिमाहात्म्यके हैं।
	(१७) परसरामजीकी साखी १-३३	,,	,,		
	१ हरिरंगको जोड़ी आदि पद ११			१७३–१७४	
	२ हृद[य]प्रकाशको जोड़ी पद १३	,,	,,	१७४–१७५	
	३ पिंड-प्राणको जोड़ी पद ३	,,	,,	१७५वाँ	
	४ परदेसी-प्राणको जोड़ी पद २	,,	,,	१७५–१७६	
	५ सुद्ध मारगको जोड़ी पद ६	,,	,,	१७६वाँ	
	६ नीम-अग्निको जोड़ी	,,	,,	१७६–१७७	
	७ विरह-अग्निको जोड़ी	,,	,,	१७७–१७८	
	८ सम-प्रीतिको जोडी	,,	,,	१७८–१७९	
	९ आग-प्रीतिको जोड़ी एवं अन्य स्फुट साखियां आदि	,,	,,	१७९–२१३	
	(१८) बावनलीला (अकारादि क्रमसे) ७६ छन्द	,,	,,	२१३–२१८	रागोंमें बावनी

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)	नागा अर्जनकी शब्दी		१७४१–४३	१६४	
	वालनाथकी शब्दी		,,	१६४	
	हरताली सिद्धकी शब्दी		,,	१६४	
	अजयपालकी शब्दी		,,	,,	
	लखमणनाथकी शब्दी		,,	,,	
	वालगूदाईकी शब्दी		,,	१६५	
	कर्णेराकी शब्दी		,,	,,	
	चूणकरकी शब्दी		,,	,,	
	दत्तजीकी शब्दी		,,	,,	
	जालंधरजीकी शब्दी		,,	१६६	
	गोपीचन्दजीकी शब्दी		,,	१६७	
	(३४) काजी महमदजीका पद	काजी महम्मद	,,	१६८–१७०	८ रागों में १७ शब्द, अच्छे विरहके पद हैं।
	(३५) काजी कादनजीकी साखी	काजी कादनजी	,,	१७०–१७२	अंग २। भाषा प्राय: पंजाबी।
	(३६) अनेक सन्तोंके स्फुट पद	शेख वहावुद्दीन	,,	१७२	३ पद पंजाबीमें बढ़िया।
	,,	सदना	,,	,,	२ पद १ राग बढ़िया।
	,,	त्रिलोचन	,,	,,	१ पद अच्छा।
	,,	स्योअमदास	,,	१७३	१ पद।
	,,	वीझल	,,	,,	१ पद।
	.	बेणीजी	,,	,,	३ पद २ राग।
	,,	सोझाजी	,,	१७४–१७५	७ पद गुजराती में, २ राग।
	,,	पीपाजी	,,	१७५–१७६	११ पद ३ राग।

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)	(३६) अनेक सन्तोंके स्फुट पद	परसजी	१७४१–४३	१७६वां	४ पद, २ राग, अच्छे गुजरातीमें।
	,,	देवलजी	,,	१७७	१ पद।
	,,	मालणजी	,,	१७७	१ पद गुजराती।
	,,	नरसीजी	,,	१७७	१ पद गुजराती।
	,,	भाणजी	,,	१७७	१ पद।
	,,	सोमजी	,,	,,	३ पद, ३ राग।
	,,	कृष्णानंदजी	,,	१७८	१ पद।
	,,	सांमलियाजी	,,	,,	२ पद गुजराती।
	,,	सुखानंदजी	,,	,,	१ पद।
	,,	धनाजीभक्त	,,	,,	२ पद १ राग।
	,,	जयदेवजी	,,	,,	१ पद, १ राग।
	,,	कीताजी	,,	१७९	,, ,,
	,,	विसालीजी	,,	,,	,, ,,
	,,	सीहाजी	,,	,,	,, ,,
	,,	वालमीकजी	,,	,,	,, ,,
	,,	सारीजी	,,	,,	,, ,,
	,,	श्रीरंगाजी	,,	१८०	,, ,,
	,,	वनवैकुण्ठजी	,,	,,	,, ,,
	,,	जीवदजी भक्त	,,	,,	,, ,,
	,,	लघुविट्ठल भक्त	,,	,,	,, ,,
	,,	कमालजी	,,	,,	,, ,,

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)	,,	आसानन्दजी		१८०	१ पद, १ राग ।
	,,	दीपजी भक्त		१८१	,, ,,
	,,	ऋषिकेशजी भक्त		,,	,, ,,
	,,	रामानन्दजी		,,	,, ,,
	,,	अंगदजी भक्त		,,	,, ,,
	,,	भुवनजी भक्त	१७४१-४३	,,	,, ,,
	,,	ज्ञानत्रिलोकजी भक्त	,,	,,	,, ,,
	,,	नरसिंहजी	,,	१८१—१८२	,, ,,
	,,	मुकन्दभारतीजी	,,	१८२	,, ,,
	,,	डूँगर भक्त	,,	१८२	,, ,,
	,,	नापा भक्त	,,	१८२—१८३	राग ४ पद १२ ।
	,,	माधो जगन्नाथ	,,	१८३—१८४	राग ३ पद ११ ।
	,,	मतिसुन्दर भक्त	,,	१८५	राग १ पद १ ।
	,,	महाराज पृथ्वीराज	,,	१८५	राग ४ पद ४—ये स्यात् जयपुर (आमेर) के महाराजा पृथ्वीराज हैं ।
	,,	परमानन्द	,,	१८५—१८७	अष्टछाप के कवि । राग ६ पद ११ ।
	,	सूरदास	,,	१८७—१९२	राग १२ पद ३१, अष्टछापके कवि ।
	,,	पीपाजी भक्त	,,	१९२	राग २ पद २ ।
	,,	बखनाजी	,,	१९२	राग १ पद १ ।
	,,	गरीबदास दादूपुत्र	,,	१९३—१९८	राग ११ पद ३९ ।
(३७)	साधुपरिच्छा पृथ्वीराजको ग्रन्थ साखी १०६	पृथ्वीनाथ योगी	,,	१९८—२०१	अन्त में 'इति श्री प्रथीनाथ सुत्रधारमतमहापुराणे सिधीनाम श्रीसाधपरच्छाग्रंथे जोगनामसास्त्र समासिवम्' ।

क्रमाङ्क	ग्रन्थमाला	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)	(३८) नामदेवजीके पद—राग १३ पद ७५	नामदेव भक्त	१७४१–४३	२०१–२१३	
	(३९) कबीरजीके पद	कबीर	,,	२१३–२६२	पृष्ठ २६२B पर एक पद गोपालका और एक पद सूरदासका भी लिखा है (सं)।
	(४०) सूरदासादिके पद फुटकर	सूरदास	,,	२६२B-२६३	बहुत अच्छे पद हैं। २६३B पत्र पर परसराम, चतरदास और त्रिलोकके भी पद हैं।
	(४१) नानककी साखी फुटकर साखी १४	नानक	,,	२६२A	
	(४२) ज्ञानसमुद्रका अंश छन्द २८ मात्रा	सुन्दरदास बूसर	,,	२६४–२६५	जोगसिद्धान्तपूजाके
	(४३) अध्यात्मबोधिनी	गरीबदास	,,	२६५–२६८	आदिमें लेखकने भूलसे रज्जबजीका नाम लिखा है पर यह गरीबदासजीकी रचना है। अन्तमें 'प्रति भगवानदासकी सों लिखी सं. १७४३' ऐसा लिखा है।
	(४४) स्फुट सन्तपदावली	(१) रज्जब	,,	२६८	
		(२) जनगोपाल	,,		
		(३) जनदुर्जन	,,		
		(४) परमानन्द	,,		
		(५) हरदास	,,		हरदासजीके पद बहुत अच्छे हैं।
	(४५) कालचिन्तावणि ६ अङ्ग	सुन्दरदास	,,	२६९–२७१	
	(४६) रज्जबजीकी साखी	रज्जब	,,	२७२–२९०	इसके अंतमें 'इति श्रीरज्जबजीकी साखी संपूरणा समाप्ता सं. १७४१ जेठ मासे थावर वारे तिथिना ८, दिन ५में लिखी प्रति स्वामी साईंदासकी सूं लिखी' ऐसा लेख है। (सं)

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)	(४७) रज्जबजीके स्फुट पद राग ३, पद १२	रज्जब	१७४१–४३	२६०, ३१२, ३१३	
	(४८) समयसार नाटक छन्द २६१	बनारसीदास	,,	२६१–३१२	ग्रंथ पूर्ण है। आगे कुछ पद भी हैं।
	(४९) वाजिदजीकी अरिल्ल अंग ३ अरिल ४२	वाजिदजी	,,	३१४–३१५	
	(५०) बनारसीदासजीके पद राग ७, पद १४	बनारसीदास	,,	३१५–३१८	पद उत्तम हैं। अध्यात्म धमाल बहुत बढ़िया है, अन्य पद भी एक से एक बढ़िया हैं।
	(५१) स्फुट सन्त-पदावली	(१) नरसी	,,	३१८	८ पद 'करनैसुख श्रीभागोतविचार' आदि।
		(२) सूर		,,	
		(३) हरदास		,,	
	(५२) कबीरजीका चन्द्रायणा	कबीर	,,	३१९–३२०	
	(५३) कबीरजीकी शब्दी साखी चौपाइयों में	,,	,,	३२०	राग सूहामें।
	(५४) कबीरकी अष्टपदी	,,	,,	३२१	
	(५५) कबीरजीकी बारहपदी	,,	,,	३२१–३२२	
	(५६) कबीरजीकी चौपदी	,,	,,	३२२–३२३	
	(५७) सकल गहरो (इग्यारहो ?)	,,	,,	३२३	राग सूहामें, ११ छंद।
	(५८) बावनी	,,	,,	३२३–३२४	ककारसे क्षकार तक ४० चौपाई छन्द।
	(५९) रैदास-कबीरगोष्ठी दोहे ४१			३२४–३२५	
	(६०) स्फुट सन्तोंके पद	(१) सेन	,,	३२६–३३०	पृष्ठ ३२६B पर संपूर्ण ग्रन्थकी पद्यसंख्या इस प्रकार लिखी है—
	,,	(२) जैमल			
	,,	(३) मोहन	,,		कबीरजीकी साखी–७१०

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)	पद	(४) वखना	१७४१–४३	३२६–३३०	दादूजीकी साखी १६६८।
	,,	(५) सूरदास	,,	,,	जोग्यां (योगियों) की शब्दी १६१
	,,	(६) परमानन्द	,,	,,	काजी कादनकी साखी ५७।
	,,	(७) विद्यापति	,,	,,	महादेव-पार्वतीके शब्द ६०।
	,,	(८) विद्यादास	,,	,,	दत्त-गोरखशब्द ४९।
	,,	(९) चैनदास	,,	,,	गोरखनाथकी शब्दी २१०।
	,,	(१०) रज्जब	,,	,,	गोरखमच्छीन्द्रबोध १२६।
	,,	(११) रैदास	,,	,,	गोरखनाथजीके पद ५४।
	,,	(१२) केवली	,,	,,	गोरखनाथजीके ग्रंथ १९।
	,,	(१३) पीपा	,,	,,	दादूजीके पद ३३९।
	,,	(१४) जगजीवन	,,	,,	कबीरजीके पद ३८१।
	,,	(१५) जनगोपाल	,,	,,	नामदेवजीके पद ३८१।
	,,	(१६) माधोदास	,,	,,	रैदासजीके पद ६२।
	,,	(१७) मच्छन्दर	,,	,,	फुटकर २०९।
	,,	(१८) नरसी	,,	,,	पृथीनाथजीकी शब्दी १०६।
	,,	(१९) गोपाल	,,	,,	सगळांकी जोड़को ब्योरो–
					साखी २४६४।
					पद ११२८।
					शब्दी ७१२।
					आपर बत्तीसके लेखै १२८८५।
					नोट—इस पुस्तकमें दो जगह संवत् लिखा है—

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१२)					१७४३ और १७४१। यदि यह लेखन-समय हो तो पुस्तक का प्राचीन होना सिद्ध होता है परंतु पहले ४३ और फिर ४१ लिखना तथा मिती भी ठीक न लिखना संदेह उत्पन्न करता है। शायद असल पुस्तकमें जिससे नकल की गई होगी ये संवत्, मिती लिखे होंगे, परंतु पुस्तकके पन्ने पुराने और जीर्ण होनेसे इसके प्राचीन होनेमें सन्देह नहीं रहता तथा इसमें बहुत इधरके समयके संतोंकी वाणी, पद आदि नहीं हैं; जो कुछ हैं प्राचीन हैं। इसमें गोरखनाथजीके ग्रन्थ बहुतायतसे हैं, रज्जबजीके संक्षिप्त हैं। पदोंका संग्रह विलक्षण और उत्तम है। पृथ्वीराजजी राजाके पद सबसे पहले इसी गुटकेमें मिले हैं। पृथ्वीराजजी का समय (१५५९ से १५८४) दादूजी से पहलेका है। पदोंके ढंगसे भी वे जोगियोंकेसे प्रतीत नहीं होते। चैनजीके पदोंकी भाषा चुटीली, उत्तम और मुहावरेदार है। क्या ये रज्जबजीके शिष्य थे ? नाटक समयसारका इसमें होना और विशेषकर बनारसीदासके पद जैन दादूपंथी सम्बन्ध दिखाता है।

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
१३	गुटका जिसमें— रज्जबजीकी वाणी, साखी, कवित्त, सवैया, पद, अरिल और स्फुट ग्रन्थ छंटे हुए।	रज्जब दादूशिष्य	१७४३	१५१	पुस्तक मालपुरेसे पुरोहित कल्याणबक्षजीसे वैशाख वदि ५ सं० १९७४को प्राप्त। प्राचीन लिपि। खालका दीमक खाया हुआ गत्ता पुट्ठे पर अन्दरके कागज पर संवत् १७३२ और १७४३ लिखा है। इसकी लिखावटकी चाल भी पुरानी ही है। कागज भी पुराना है। साखी और पदोंको छांटा (चुना) है। यह छांटनेकी चाल उस समय चल पड़ी थी क्योंकि इस समयकी और भी कुछ पुस्तकोंमें साखी छंटी हुई हैं। क्रिया, सकार, द्वित्वका अभाव और जोशीके लड़कोंकी सी लिखावट भी पुरानेपनका प्रमाण है।
१४	गुटका—				खुला हुआ (पत्राकार)
	(१) दादूवाणी साखी ३६ अंग	दादू		३३–७२	आदिके ३२ पत्र नहीं है।
	(२) कबीरजीकी साखी २९ अंग	कबीर		७२–८६	बीचमें पत्र खण्डित हैं।
	(३) मिया वाजीदजीकी साखी १८ अंग	वाजीद		८६–१०२	
	(४) कबीरजीकी रमैणी व अष्टपदी	कबीर, हरिदास		१०२–११८	११५का पत्र नहीं है।
	(५) सकलगहगहा आदि हरिदासजीके ३० ग्रन्थ				पत्र बहुत जीर्ण हैं। अतः मरम्मत होनेसे पहिले विवरण नहीं भरा जा सकता।
	(६) जैनजंजाल	रज्जब		११८वां	

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१४)	(७) दोषदरीबे भाग ३६वां	रज्जब		११८वां	
	(८) कायावेली	दादू		११८—११६	
	(९) अध्यात्मबोध	गरीबदास दादूपुत्र		११६—१२४	
	(१०) मोहविवेक	जनगोपाल दादूशिष्य		१२४—१२८	
	(११) चौबीस गुरोंकी लीला छंद ५७	,, ,,		१२८—१३०	
	(१२) भरथचरित्र छन्द ६२	जनगोपाल		१३०—१३३	
	(१३) ध्रुवचरित्र छन्द १६४	,,		१३३—१४०	
	(१४) प्रह्लादचरित्र	,,		१४०—१४४	
	(१५) सुखसंवाद छन्द २०६	,,		१४५—१५२	१४५ वां पत्र नहीं है।
	(१६) दत्तात्रेयके २५ गुरुओंकी लीला	जगन्नाथ दादूशिष्य		१५४—१६२	१६० वां पत्र नहीं है।
	(१७) सर्वाङ्गयोग	रज्जबजी		१६२—५०७	
	(१८) आखर-उद्धारबावनी	,,			अपूर्ण। अन्तमें एक फटा पत्र है।
१५	गुटका—				
	(१) दादूजीकी साखी ३७ अंग साखी २५६३	दादूजी	१८२५	३—१२२	आदिके दो पत्र नहीं हैं परन्तु ग्रन्थ आरंभसे है।
	(२) दादूजीका पद ४४४ अंग ३७		,,	१२२—२०५	इसमें दुवाराकी साखी भी है। प्रति स्वामी गोपालदासजी गोठड़ेवालोंके अस्तलकी है। लाल केनवासकी छींटका गुटका।
१६	गुटका—				
	(१) दादूजीकी साखी	,,	१७१८	६८	यह गुटका उदयपुरकी जमातका है। स्वामी सेवादासजीने भेजा है। इसमें भाषा प्राचीन ढंगकी है।

क्रमाङ्क	ग्रन्थनाम	कर्त्ता	लिपिसमय	पत्रसंख्या	विशेष विवरण आदि
(१६)	(२) दादूजीका पद २७ राग ४३४ पद		,,	९८–१६१	
	(३) कबीरजीकी साखी अंग ३		१७१८	१६१–१६५	गुरुदेव, स्मरण और चिन्तावणी ।
	(४) ध्रुवचरित्र २७७ छंद	जनगोपाल	,,	१६५–१७८	
	(५) प्रह्लादचरित्र	,,	,,	१७८–१८०	अपूर्ण ।
